दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः- 341
मुरादाबाद
06 April 2025
(Sunday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

सीएम योगी ने कहा- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तेजी से बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था, प्रदेश को बनाएंगे नंबर वन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रतनपुर में नवनिर्मित रोहिन बैराज परियोजना के लोकार्पण किया। कहा, उत्तर प्रदेश के अर्थव्यवस्था में पूरे देश में नंबर एक पर पहुंचाया जाएगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है।प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी हैं। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है तो अपना यूपी

देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। प्रदेश भय और अराजकता से मुक्त हो सुशासन और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका एक बड़ा उदाहरण महराजगंज में बना यह रोहिन बैराज भी है।ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रतनपुर में नवनिर्मित रोहिन बैराज परियोजना के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुई कहीं। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जहां बिना किसी भेदभाव के काम होता हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पुरा देश एक नये भारत का दर्शन कर रहा हैं। जो भारत बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ सबको देता है। किसानों हो, नौजवान, मजदूर हो या महिलाएं सबको सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जो काम पिछली सरकारों ने सत्तर सालों में नहीं किया वो काम मोदी सरकार ने दस वालों में कर दिखाया। डबल इंजन की सरकार में आज देश के 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है। चार करोड़ गरीब परिवारों को उनका अपना आशियाना मिला है। बच्चों की अच्छी पढ़ाई से लेकर लोगों की दवाई तक के लिए भाजपा सरकार काम कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों से लोग जिस रोहिन नदी के बाढ़ की त्रासदी झलते रहे, वहीं नदी अब यहां के खेतों को सींच कर किसानों की खुशहाली का नया द्वार खोलेगी। उन्होंने जनपद के विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए किसानों को महाव के बाढ़ से निजात दिलाने का भरोसा भी दिलाया। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी को नवरात्र की बधाई देते हुए विकास और सुशासन में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक ऋषि त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र सिंह, जयमंगल मंगल कन्नौजिया, प्रेम सागर पटेल व संजय पाण्डेय आदि मौजूद रहें। सीएम योगी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में लाखों एकड़ भूमि वक्फ बोर्ड के नाम पर नाजायज तरीके से कब्जाई गई थी, जिससे गरीबों का कल्याण नहीं हो रहा था। अब इस मनमानेपन पर लगाम लगेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर महाराजगंज पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने संकल्प लिया कि अगले 3 साल में यूपी से गरीबी खत्म कर इसे देश का नंबर एक राज्य बनाया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में देश की संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित किया गया है, जिससे वक्फ के नाम पर जमीनों की लूट-खसोट और अवैध कब्जे पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि अब कोई चौराहों की जमीनों पर कब्जा नहीं कर सकेगा। सरकारी संपत्ति का उपयोग विद्यालय, चिकित्सालय, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, बैराज और आवास निर्माण जैसे जनकल्याणकारी कार्यों में होगा।सीएम योगी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में लाखों एकड़ भूमि वक्फ बोर्ड के नाम पर नाजायज तरीके से कब्जाई गई थी, जिससे गरीबों का कल्याण नहीं हो रहा था। अब इस मनमानेपन पर लगाम लगेगी।

मां बनैलिया देवी के नाम से जाना जाएगा रोहिन बैराज,16 हजार किसानों को मिलेगा लाभ- मुख्यमंत्री ने वासंती नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर मां बनैलिया देवी को नमन करते हुए कहा कि उन्हें नौतनवा विधानसभा क्षेत्र में रोहिन नदी पर बैराज के लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस बैराज से 16 हजार अन्नदाता किसानों और 54 सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। योगी ने कहा कि यह बैराज मां बनैलिया देवी के नाम से जाना जाएगा। रोहिन नदी का पानी मीठा है और यह नेपाल से गोरखपुर तक बहती है। इस बैराज से किसानों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। रोहिन बैराज के बारे में उन्होंने कहा कि 25 साल से इसकी मांग थी, लेकिन पहले की सरकारें अपने परिवार की जेब भरने और जमीन की लूट में व्यस्त थीं। अब यह बैराज बाढ़ से बचाव और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराएगा। इसके आसपास वॉटर बॉडी, पर्यटन, नौकायन और रेस्टोरेंट बनने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

पिछले 8 साल में उत्तर प्रदेश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है- सीएम योगी ने बताया कि पिछले 8 साल में उत्तर प्रदेश ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। 2017 में यूपी देश में सातवें नंबर की अर्थव्यवस्था था, आज यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मुसहर, वनटांगिया और थारू जैसी जनजातियों के गांवों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में राम मंदिर और महाकुम्भ का जिक्र करते हुए कहा कि यह विकास और विरासत का अनूठा समन्वय है। मुख्यमंत्री ने सरयू नहर परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि 1972 में बनी परियोजना को पूरा होने में 49 साल लग गये, वो भी तब पूरा हुआ जब भाजपा की सरकार आई।

संक्षिप्त समाचार

अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच 86 नक्सलियों ने हथियार डाले, आत्मसमर्पण करने वालों में 20 महिलाएं

गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच, तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें 66 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वालों को मुख्यधारा में लौटने के लिए तत्काल सहायता के रूप में 25 हजार रुपये भी दिए गए। गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर दौरे के बीच, तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए। छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के कुल 86 सदस्य शनिवार को तेलंगाना के भद्रादी कोठागुडेम जिले में हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में 20 महिलाएं शामिल हैं।चार एरिया कमेटी सदस्यों (एसीएम) सहित 86 माओवादियों ने नक्सलवाद के हिंसक रास्ते को छोड़ने का फैसला किया है, क्योंकि वह अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहते हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, नक्सलियों ने मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) एस चंद्रशेखर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण किया है। विज्ञप्ति के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल सहायता के रूप में 25 हजार रुपये दिए गए। चारों एरिया कमेटी सदस्यों (एसीएम) पर चार-चार लाख रुपये का इनाम था।

सीएम योगी ने कहा- जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पॉलिसी जीरो..., अखिलेश बोले- बीजेपी के लोग ही बीजेपी के खिलाफ

अखिलेश यादव ने कहा कि %जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पॉलिसी यूपी में जीरो है। बीजेपी के लोग ही बीजेपी के खिलाफ हैं। करप्शन में एक आईएएस अधिकारी को पकड़ा गया है। वहीं एक अन्य अधिकारी का पैसा दूसरे प्रदेश में मिला यूपी की राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था से लेकर विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम एंड करप्शन की पॉलिसी यूपी में जीरो हो गई है। सपा मुखिया ने कहा कि बहुत कम देखने को मिलता होगा कि पुलिस फिरौती के लिए खुद अपहरण कर रही है। पुलिस ही पुलिस पर मुकदमे दर्ज कर रही है। अब बताओ जीरो टॉलरेंस कहां बचा। प्रदेश में कहीं भी लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। बीजेपी के लोगों को भी न्याय नहीं मिल रहा है। बीजेपी के लोग ही बीजेपी के खिलाफ हैं।करप्शन का मामला नहीं, बंटवारे का झगड़ा था अखिलेश यादव ने आगे कहा कि करप्शन में एक आईएएस अधिकारी को पकड़ा गया है। बीच में जो दलाल था, उसे भी पकड़ा गया। पकड़ा गया दलाल और भी आईएएस अफसरों का काम करता था। ये करप्शन का मामला नहीं, बल्कि बंटवारे का झगड़ा था।जो लोग 80-20 का नारा देते हैं, मैं उनसे पूछता हूं कि हम 80 में आते हैं या 20 में। ये 80-20 का मामला नहीं, बल्कि 90-10 का मामला है। आधी आबादी और पीडीए बीजेपी से नाराज है। जो लोग निवेश लाना चाहते थे, वो विनाश ले आए। ये भ्रष्ट अधिकारी छुपे हुए हैं। यूपी के एक अधिकारी का पैसा दूसरे प्रदेश में मिला। इंडिया एलायंस का दुष्प्रचार कर रहे अखिलेश ने कहा कि इतिहास को नहीं पलटना चाहिए। जो इतिहास खुशहाली के रास्ते पर ना ले जाए, उसे नहीं पलटना चाहिए। क्योंकि इतिहास में अच्छाई और बुराई दोनों होती है। जबसे वक्फ बिल पास हुआ है, तबसे बीजेपी के लोग इंडिया एलायंस का दुष्प्रचार कर रहे हैं। ये लोग पीडीए से घबराए हुए हैं। बीजेपी यही चाहती है कि हम लोग बुनियादी सवालों पर चर्चा ना करें। क्या उत्तर प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद हो रही है ? सरकार ने खरीद के लिए प्राइवेट लोगों को लाइसेंस दे दिया है। यूपी और उत्तरखंड से सबसे ज़्यादा युवा फौज में जाते थे। लेकिन, पक्की भर्ती बंद करके अग्निवीर योजना शुरू कर दी गई। सपा मुखिया ने नसीहत देते हुए कहा कि सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति से सीखे कि वह लोग अपने देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए दूसरे देशों पर पाबंदी लगा रहे हैं। क्या हमारी सरकार चीन पर पाबंदी लगा पाएगी? ये सरकार झूठ के एक्सप्रेसवे बना रही है। एक पोस्टर में लिखा था कि छह बन चुके हैं और सात निर्माणधीन हैं। तो क्या बाकी हवा में बन रहे हैं?

सीएम नीतीश कुमार की पार्टी को फिर लगा झटका, जिले के सात नेताओं ने दिया इस्तीफा

जदयू ने वक्फ संशोधन बिल पर अपना रूख स्पष्ट कर यह बात साबित कर दी है। सीएम नीतीश कुमार से हमलोगों का भरोसा उठ गया है। इसलिए आज हम सभी जनता दल यूनाइटेड से अलग हो रहे हैं।वक्फ संशोधन विधेयक के कारण सीएम नीतीश कुमार की पार्टी को बिहार में झटका लगने का सिलसिला जारी है। अब औरंगाबाद में जदयू के मुस्लिम नेताओं ने इस्तीफा दे दिया। वक्फ संशोधक विधेयक पर जदयू के स्टैंड नाराज सात मुस्लिम नेताओं ने अपने सर्मथकों के साथ मिलकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन नेताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग दी। इस्तीफा देने वालों में समता पार्टी के रूप में स्थापना काल से 27 वर्षों से जुड़े जदयू के जिला उपाध्यक्ष जहीर अहसन आजाद जिला महासचिव व अधिवक्ता अतहर हुसैन, मंटू, जदयू नेता व जिला कार्यकम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) के सदस्य मो. इलियास खां, जदयू नेता व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मो. फारूक अंसारी, पार्टी नेता व पूर्व वार्ड पार्षद सैयद अनवर हुसैन, जदयू नेता व वार्ड पार्षद खुर्शीद अहमद, पार्टी नेता फखरे आलम, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष मोजफ्फर इमाम कुरैशी एवं उनके दर्जनों समर्थक जदयू नेता शामिल हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया नौसेना की परियोजनाओं का उद्घाटन, आईओएस सागर को दिखाई हरी झंडी

रक्षा मंत्री ने आईओएस सागर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जहाज में नौ देशों की नौसेनाओं के 44 कर्मी सवार हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में मुक्त परिवहन, शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना भारत का उद्देश्य है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे पर नौसेना आईओएस सागर को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आईएनएस सुनयना ने कहा कि हिंद महासागर पोत आईओएस सागर की यात्रा की शुरुआत पर ढेर सराहना करता हूं। आपके अथक प्रयासों और मेहनत से ही यह संभव हो पाया उनका भी आभार। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि सागर पहल के 10 साल यह तैनाती न सिर्फ भारत के बल्कि हिंद महासागर में हमारे सभी मित्र देशों के 1919 को सिंधिया स्टीम नेविगेशन कंपनी का एसएस लॉयल्टी नामक भारत के लिए 1964 से ही हम पांच अप्रैल को राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाते हैं।रक्षा हित भी बेहद घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। हमारे लिए हिंद महासागर क्षेत्र सिर्फ संस्कृति और राष्ट्रीय हित को प्रभावित करता है। हम इस महत्व को न सिर्फ मौजूदगी से हिंद महासागर क्षेत्र को और ज्यादा शांत और समृद्ध बनाएं। उन्होंने अर्थव्यवस्था और सैन्य ताकत के दम पर किसी दूसरे राष्ट्र को दबा न सके।



उनके हित को सुरक्षित किया जा सके।रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में किसी भी आपदा या मुसीबत के समय भारतीय नौसेना प्रथम प्रतिक्रियादाता के तौर पर उभरी है। जहाज हाईजैक, समुद्री लुटेरों की करतूतें जैसी घटनाएं हिंद महासागर क्षेत्र में होती रहती हैं। ऐसी स्थिति में हमारी सेना जहाजों की सुरक्षा करती है। हिंद महासागर क्षेत्र में मुक्त परिवहन, शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस की अपनी यात्रा के दौरान सागर पहल से भी आगे बढ़कर महासागर पहल की बात की। यह सागर पहल से भी ज्यादा अग्रिम और सहयोगी बनेगा। उन्होंने कहा कि आईओएस सागर ऊचाइयों को छुए। मैं आईओएस सागर के सदस्यों की सुरक्षित और यादगार यात्रा की कामना करता हूं।

की तमाम परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने हिंद महासागर पोत से जुड़े इस जहाज में नौ देशों की नौसेनाओं के 44 कर्मी सवार हैं।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सारी बधाई। मैं भारतीय नौसेना और हिंद महासागर क्षेत्र के हमारे सभी हितधारकों की है। सभी मित्र देश जो सागर की यात्रा में विशेषज्ञता और अनुभव साझा करने आए हैं, पूरे होने पर आईओएस सागर हिंद महासागर की यात्रा पर निकल रहा है। नौसैनिकों की सहयोगात्मक प्रयास से हो रही है। आज ही के दिन लगभग एक सदी पहले पांच अप्रैल का पहला व्यापारी जहाज मुंबई से लंदन के लिए रवाना हुआ था। उस दिन को याद रखने मंत्री ने कहा कि हिंद महासागर की समुद्री सुरक्षा से भारत और तटवर्ती देशों का राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से ही अहम नहीं है, बल्कि यह हमारे व्यापार, अर्थव्यवस्था, पर्यटन, समझ रहे बल्कि इस दिशा में मिलकर काम भी कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हम अपनी कहा कि हमारी नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में यह सुनिश्चित करती है कि कोई राष्ट्र अपनी भारत यह सुनिश्चित करता है कि हिंद महासागर में किसी की संप्रभुता पर आंच आए बिना

संपादकीय Editorial

Tariff will take away jobs

India's GDP may suffer a loss of 0.7 percent due to America's 'tit for tat tariff'. Of course, this seems to be a very small figure, but the loss can be up to Rs 2.5-3 lakh crore. This is not a normal amount. Experts themselves estimate that if GDP decreases, production will be directly affected, so factories will either lay off employees or reduce salaries. Estimates even go as far as saying that 7-8 lakh jobs may be lost. A similar effect can be felt on companies in Tamil Nadu, where companies do electronics business. India's Gujarat mainly trades gems, jewellery and stones worth Rs 78,000 crore with America. With the increase in tariff, those products will become more expensive. An example is Apple iPhone, whose factories are in India and China. A 34 percent tariff has been imposed on China. Already the tariff on China is very high. Now after the new tariff, Apple phones manufactured in India-China will become expensive in the American market, so obviously why would anyone buy an expensive phone? In the new situation, India's currency 'rupee' will weaken further and foreign direct investment will also decrease. The Union Commerce Ministry is also accepting that this tariff is not a 'shock' for us, but a 'mixbag'. That is, there is a possibility of some loss. President Trump has imposed 'tit for tat tariff' on about 60 countries, as a result of which there is panic in the countries of the world, economies have been shaken, there are chances of increase in poverty and inflation, most of the countries are considering it a 'tariff war' and are calling it Trump's 'trade madness'. Experts estimate that the world may suffer a loss of up to Rs 122 lakh crore. Anyway, many goods and equipment etc. are imported and exported between India and America. During Prime Minister Modi's US visit in February, both the countries had announced an agreement to increase bilateral trade to 500 billion dollars (about 43 lakh crore rupees) by 2030. The trade deal is to be done under this. Its first phase can be completed by September-October. A solution to tariffs can be found in it. The good thing is that 50 major products of India like pharma, copper, oil, semiconductors, gas, coal, LNG, insulin, vitamins, precious metals (gold, silver, platinum), printed materials and zinc have been kept 'tariff-free'. Machinery with exports of about 6 billion dollars, mineral fuel with exports of 4 billion dollars, organic chemicals with exports of 3 billion dollars and building stones with exports of 1 billion dollars are likely to be less affected by the tariff, but sectors like electronics, smart phones, gems and jewellery and agriculture will be affected extensively. Our farmers send rice, fruits, vegetables, grains etc. worth Rs 50,000 crore to America. At present, there is a 2.7 percent tariff on rice, which amounts to a total of 9-11 percent. Despite the increase in tariff, India can remain better than Vietnam, Thailand and China. The matter of concern is that the agricultural production in India is 4 times less than that of America. India can do extensive trade in the field of pharma, medicines etc. India does a business of about Rs 76,000 crore with America in this field and it has been kept free from 'tit for tat tariff'. However, in this situation, India can strengthen its manufacturing sector more. India will have to work on the policy of 'wait' and then 'take a decision'. Jobs should not be lost under any circumstances.

BJP is the centre point of politics and a reflection of the country's expectations

Pandit Deendayal Upadhyaya's philosophy of Integral Humanism inspired us to keep humanity and national interest paramount. With all the political ups and downs, the Bharatiya Janata Party was established on 6 April 1980, taking this ideology forward. This was the day when the BJP made a new beginning, which today is a symbol of pride for every party worker as Foundation Day. The journey of more than four and a half decades of the Bharatiya Janata Party is recorded in the history of Indian politics as a struggling, inspiring and glorious chapter. Every year on 6 April, party workers across the country celebrate Foundation Day as a resolution. This is a journey that is moving forward with determination, loyalty, continuity and unwavering dedication towards public service. Every worker of the Bharatiya Janata Party is proud that through his party, he is moving forward with such an ideology, whose only objective is 'Nation First'. This was the seed of the idea which laid a strong foundation for this historic journey of first Bharatiya Jana Sangh and later Bharatiya Janata Party. Today, under the leadership of Prime Minister Narendra Modi, this journey of multifaceted development of India is moving ahead unhindered. After independence, when ideological differences emerged between Dr. Shyama Prasad Mukherjee, who had a nationalist outlook, and Congress, these differences gave birth to a new path, which provided a strong alternative to the country. From that time till today, many other political parties became weak due to nepotism, corruption, lack of ideas and directionlessness, but the Bharatiya Janata Party, committed to its ideas, is leaving an indelible mark on the minds of the people of the country today. Pandit Deendayal Upadhyaya's philosophy of Integral Humanism inspired us to keep humanity and national interest paramount. With all the political ups and downs, the Bharatiya Janata Party was established on 6 April 1980, taking forward this ideology. This was the day when BJP made a new beginning, which is a symbol of pride for every party worker today as Foundation Day. Our roots are linked to the inspiration of the Jana Sangh established in 1951. After that, the merger with the Janata Party in 1977 was a temporary stop, but ideological differences inspired us to organize independently again. Cultural nationalism and integral humanism became the basic principles of the Bharatiya Janata Party, which are our identity even today. However, the challenges were no less in the initial days. In the 1984 Lok Sabha elections held after our establishment, we got only two seats. Certainly it was a difficult period, but the party workers remained firm with their ideas and continued to work among the society. After 1989, the party strengthened its presence on the national stage. Not only did its numbers increase in the Lok Sabha, it also emerged as an influential force in many states. In 1999, a stable government of the National Democratic Alliance i.e. NDA was formed under the leadership of the Bharatiya Janata Party under the able leadership of Atal Bihari Vajpayee. This was a historic moment in Indian politics. After receiving continuous public blessings since 2014, it would not be an exaggeration to say that the Bharatiya Janata Party has become a reflection of the hopes, aspirations and expectations of the country. It was not just a matter of numbers, but it was a symbol of the trust that the public has expressed in the BJP. Today, in this Amrit Kaal, the Bharatiya Janata Party has become the center point of Indian politics. This is a fact that no one can ignore. In its long tenure, the Modi government, working with the goal of service and good governance, has taken the country's progress to new heights. It has given concrete shape to the concept of heritage and development. The poor, the deprived, the backward, women and all sections of society have gained the confidence of a guaranteed change in their lives for the better. India's global reputation has strengthened. Many countries of the world are looking at India as a country taking initiatives to find solutions to global issues. India has emerged as a strong voice of the Global South on the global stage regarding the challenges of environment and climate change. By overcoming the basic challenges, India has been touching global standards of progress in the last decade. In the last decade, the Bharatiya Janata Party government under the leadership of Prime Minister Narendra Modi has worked to connect the new generation with innovations. Through hard work at the grassroots level and the use of digital technology, the party has taken its policies to the masses. By uniting various communities, the Bharatiya Janata Party has expanded its base, which further increased our organizational strength. After 2014, the BJP government has worked to ensure that the benefits of development reach the citizens standing at the last rung of the society. It was not just about gaining power, but about building an India where every citizen can live a life with dignity, self-respect and prosperity. The Bharatiya Janata Party tried to take its policies to the people through its digital platforms and many social initiatives. In this journey so far, the credit for being the most popular leader and connecting the Bharatiya Janata Party with the masses goes to Prime Minister Narendra Modi, who is leading the central government for the third consecutive time. Under his leadership, the BJP has achieved new heights. His strong will, vision and people-centric policies not only established India as a powerful nation on the global stage but also gave the party unprecedented energy and popularity. The goal of the Bharatiya Janata Party is clear – an India that moves forward rapidly on the path of modernity while preserving its glorious traditions. This uninterrupted journey of the BJP is not only a political journey, but also a resolution to serve the country.

Another necessary reform, the opposition's bet did not work

It is clear that the opposition parties' bet that if the BJP's allies supported the Waqf Amendment Bill, they would have to suffer political losses did not work. Even after the Waqf Amendment Bill was passed by the Parliament, the opposition parties are still insisting that it is not only unconstitutional but also anti-Muslim. The approval of the Waqf Amendment Bill by both the houses of the Parliament once again shattered the notion that the Modi government would not be able to work according to its agenda in its third term due to the BJP's reduction to 240 seats in the last Lok Sabha elections. The Waqf Amendment Bill could be approved by the Parliament because all the allies of the BJP supported it.It is clear that the opposition parties' bet that if the BJP's allies supported the Waqf Amendment Bill, they would have to suffer political losses did not work. Even after the Waqf Amendment Bill was passed by the Parliament, the opposition parties are still insisting that it is not only unconstitutional but also anti-Muslim. They are deliberately ignoring the fact that many Muslim leaders and organisations were supporting this Bill. Apart from this, such people were telling stories of corruption of Waqf Boards and also how Waqf Boards were not able to help poor Muslims. Although those opposing the Waqf Amendment Bill were not able to tell how many schools, hospitals etc. were built by the Waqf Boards, but even after this they were adamant that there was no need for any change in the old Waqf Act. This is nothing but turning away from another necessary reform. After all, why should there be no change in a law which is full of flaws and which is not able to fulfill the objectives for which it was made? Change in the Waqf Act became necessary because, firstly, Waqf Boards were equipped with arbitrary powers and secondly, hearing against its decisions was possible only in its own tribunal. If the decision of the tribunal was unfavourable, then there were limited rights to go to the High Court. This system was against the basic principles of justice. It is surprising that even after this, the old Waqf law was being supported. There is no harm in the fact that many opposition leaders are announcing to challenge the Waqf Amendment Bill in the Supreme Court even before it becomes a law. It is their right to do so, but it is not a good situation that every law passed by the Parliament is challenged in the Supreme Court. Many times this is done only to sharpen the politics of opposition for the sake of opposition. Due to this, hundreds of petitions have been filed in the Supreme Court against many laws of the Modi government in the past. It will not be surprising if petitions are filed against the amended Waqf law as well. The approval of the Waqf Amendment Bill by both the houses of the Parliament once again shattered the notion that the Modi government would not be able to work according to its agenda in its third term due to the BJP's reduction to 240 seats in the last Lok Sabha elections. The Waqf Amendment Bill could be approved by the Parliament because all the allies of the BJP supported it.It is clear that the opposition parties' bet that if the BJP's allies supported the Waqf Amendment Bill, they would have to suffer political losses did not work. Even after the Waqf Amendment Bill was passed by the Parliament, the opposition parties are still insisting that it is not only unconstitutional but also anti-Muslim. They are deliberately ignoring the fact that many Muslim leaders and organisations were supporting this Bill. Apart from this, such people were telling stories of corruption of Waqf Boards and also how Waqf Boards were not able to help poor Muslims. Although those opposing the Waqf Amendment Bill were not able to tell how many schools, hospitals etc. were built by the Waqf Boards, but even after this they were adamant that there was no need for any change in the old Waqf Act. This is nothing but turning away from another necessary reform. After all, why should there be no change in a law which is full of flaws and which is not able to fulfill the objectives for which it was made? Change in the Waqf Act became necessary because, firstly, Waqf Boards were equipped with arbitrary powers and secondly, hearing against its decisions was possible only in its own tribunal. If the decision of the tribunal was unfavourable, then there were limited rights to go to the High Court. This system was against the basic principles of justice. It is surprising that even after this, the old Waqf law was being supported. There is no harm in the fact that many opposition leaders are announcing to challenge the Waqf Amendment Bill in the Supreme Court even before it becomes a law. It is their right to do so, but it is not a good situation that every law passed by the Parliament is challenged in the Supreme.

मंडलायुक्त ने लू के प्रकोप से बचने के लिए बताई सावधानियां

मुरादाबाद- मंडलायुक्त श्री आञ्जनेय कुमार सिंह ने गर्मी के मौसम में चलने वाली गर्म हवा लू से बचने के संबंध में निम्न सावधानियां के बारे में अवगत कराया। उन्होंने लू प्रकोप एवं गर्म हवा के बारे बताया कि कढ़ी धूप में बाहर न निकले, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच में घर से बाहर अत्यंत आवश्यक हो तभी निकले,और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं ।हल्के रंग के ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें, धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। यात्रा करते समय अपने पास पानी अवश्य रखें। अगर बाहर का काम है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरुर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। अगर तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें, घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक, चीनी का घोल, नींबू पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि का सेवन करें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, शटर आदि का इस्तेमाल न करें, रात में खिड़कियों खुली रखें, शराब, चाय काफी जैसे पेय पदार्थो का इस्तेमाल न करें। मण्डलायुक्त ने लू प्रकोप एवं गर्म हवा ने संबंध में क्या करें क्या न करें बारे में बताया कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चे एवं पालतू जानवरों को न छोड़े, खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहें। नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें, उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें, बासी भोजन न करें। खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। जिन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती है, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें, बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़े, जहां तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के संपर्क से बचें, सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें, संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें तथा घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें। मण्डलायुक्त ने बताया कि अधिक गर्मी एवं लू के कारण होने वाली बीमारियां दो प्रकार की होती है जैसे हीट इग्जॉस्चन एवं हीट स्ट्रोक। उन्होंने बताया कि अत्यधिक प्यास, शरीर का तापमान बढ़ा होना, मासपेशियों में ऐठन, जी मिचलाना, उल्टी होना, सिर का भारीपन/सिरदर्द, रक्त चाप का कम होना, चक्कर आना, भ्रांति/उलझन में होना, अल्पमूत्र/पेशाब का कम आना, अधिक पसीना एवं चिपचिपा त्वचा होना हीट इग्जॉस्चन के लक्षण है, इससे बचने हेतु प्राथमिक उपचार जैसे व्यक्ति को तुरन्त पंखे के नीचे तथा छायादार ठंडे स्थान पर ले जाए, कपड़ो को ढीला करें, शरीर को गीले कपड़े से स्पंज करें, ओ0आर0एस0 का घोल पिलाए, नींबू का पानी नमक के साथ पिलाए, मांसपेशियों पर दबाव डालें तथा हल्की मालिश करें, शरीर के तापमान को बार बार जांचे, यदि कुछ समय में सामान्य न हो तो तुरन्त चिकित्सा केन्द्र ले जाए ।इसके साथ ही उन्होंने हीट स्ट्रोक के लक्षण के बारे में बताया कि शरीर तापमान बढ़ा हुआ होना, पसीना आना बंद होना, मांसपेशियों में ऐंठन, चिपचिपी त्वचा, त्वचा एवं शरीर का लाला होना, जी मिचलाना/उल्टी होना/चक्कर आना, सिर का भारीपन/ सिर दर्द, सांस की समस्या श्वसन प्रक्रिया तथा धड़कन तेज होना हीट स्ट्रोक के लक्षण है। इसके उपचार के लिए मरीज को तुरन्त नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र में जाए और कपड़ो को ढीला करें, तुरंत पंखे के नीचे तथा छायादार ठंडे स्थान पर ले जाये , शरीर को गीले कपड़े से स्पंज करें, अगर मरीज कुछ पीने की अवस्था में हो तो पानी या शीतल पेय पिलायें, ओ0आर0एस0 का घोल पिलायें ,नींबू का पानी नमक के साथ पिलाये तथा मासपेशियों पर दबाव डाले तथा हल्की मालिश करें। मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव ने बताया कि कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे-सिविल सर्विसेज (आई0ए0एस/पी0सी0एस0), आई0आई0टी0-जे0ई0ई0, एन0ई0ई0टी0(नीट) एवं एन0डी0ए0/सी0डी0एस0, इत्यादि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साही विद्यार्थियों को नि:शुल्क साक्षात प्रशिक्षण/सलाह प्रदान किये जाने हेतु अभ्युदय योजना संचालित है। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में सिविल सर्विसेज आई0आई0टी0-जे0ई0ई0, एन0ई0ई0टी0(नीट) एवं एन0डी0ए0/सी0डी0एस0, की परीक्षाओं हेतु प्रवेश/एडमिशन ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना है। ऐसे इच्छुक छात्र-छात्राऐं जो अभ्युदय योजना योजनान्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु दिनांक 07.04.2025 से समय प्रात: 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक हिन्दू पी0जी0 कॉलेज मुरादाबाद अभ्युदय कक्ष संख्या-58 से प्रवेश फॉर्म प्राप्त करते हुए प्रवेश फॉर्म में दी गयी समस्त औपचारिकताऐं पूर्ण कर अन्तिम तिथि 07.05.2025 समय सांय 05.00 बजे तक हिन्दू पी0जी0 कॉलेज मुरादाबाद अभ्युदय कक्ष संख्या-58 में जमा कर सकते है। अन्तिम तिथि के पश्चात् कोई आवेदन पत्र जमा नहीं किया जाएगा।

हज 2025 के हज यात्रियों के प्रशिक्षण हेतु तिथि की गई निर्धारित

अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि उ0प्र राज्य हज समिति के सर्कुलर अनुसार हज 2025 के यात्रियों के प्रशिक्षण हेतु दिनांक 02.04.2025 से 20.04.2025 के मध्य में कोई तिथि निर्धारित करने के सम्बन्ध में प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में हज यात्रियों के प्रशिक्षण हेतु दिनांक 08.04.2025 निर्धारित की गई है। जनपद मुरादाबाद में हज 2025 हेतु कुल 1579 हज यात्रियों का चयन हुआ है। चयनित हज यात्रियों के प्रशिक्षण हेतु वर्तमान में निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों में से 07 प्रशिक्षण केन्द्रों पर दिनांक 08.04.2025 को प्रशिक्षको द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त हज यात्रियों के नि:शुल्क टीकाकरण हेतु तिथि हज समिति से कार्यक्रम प्राप्त होने के पश्चात तिथि निर्धारित की जायगी। जनपद मुरादाबाद में प्रशिक्षण केन्द्रों मदरसा जामे उल हुदा, गलशहीद, मुरादाबाद, मदरसा बशीरूल उलूम, कुन्दरकी, मदरसा नूरूल कुरान, मो0 गुईयॉबाग मुरादाबाद, मदरसा एम0एच0 इस्लामिया मो0 लालबाग, ठाकुरद्वारा मुरादाबाद, मदरसा अब्दुल गफूर नईमी, पाकबड़ा, मुरादाबाद, मदरसा नासिर उल उलूम, कस्बा कॉठ, मुरादाबाद एवं मदरसा अन्सार उल्लाह फैजुल उलूम, ग्राम मिलक बुजपुर आशा, मूढापाण्डे, मुरादाबाद पर प्रशिक्षण निर्धारित दिनांक 08.04.2025 को प्रदान किया जायेगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी हज प्रशिक्षकों को यह निर्देश दिये गये हैं कि उक्त निर्धारित तिथि पर उनके द्वारा हज पर जाने वाले सभी हज यात्रियों से सम्पर्क कर यथा सम्भव सभी का प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई हज यात्री उक्त प्रशिक्षण से वंचित रह जाता है तो पुन: अन्तिम रूप से बचे हज यात्रियों का प्रशिक्षण हेतु तिथि निर्धारित की जायेगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि हज यात्रियों को दिये जाने वाले प्रशिक्षण, टीकाकरण एवं हैल्थ स्वास्थ्य कार्ड आदि सभी व्यवस्थाएं सरकार की ओर से नि:शुल्क उपलब्ध करायी जाती है। यदि किसी के द्वारा किसी हज यात्री से उक्त सुविधाओं के नाम पर कोई शुल्क लिया जाता है तो उसकी शिकायत कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, विकास भवन, मुरादाबाद में कर सकते हैं।

वर्जिनिटी और प्राइवेट पाट...'फॉर्म में भरवाता था मासिक धर्म समेत ये जानकारी; तंत्र-मंत्र केस में खुलासा

मुरादाबाद-यूपी के संभल से तंत्र विद्या की आड़ में यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने गैंग का पर्दाफाश किया है। गैंग गरीब लड़कियों को अमीर बनने का लालच देता था। इसके बाद उनसे फॉर्म में भरवाता था। फॉर्म में कई पर्सनल जानकारी पूछी जाती थी। उत्तर प्रदेश की संभल पुलिस ने एक ऐसे गैंग का खुलासा किया है, जो तंत्र विद्या और पैसों की बारिश के नाम पर महिलाओं और लड़कियों संग शोषण करता था। जांच में कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पुलिस ने गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर मोबाइल फोन, तंत्र सामग्री, एक कछुआ, हथियार आदि सामान बरामद किया है। 21 मार्च को थाना धनारी क्षेत्र के गांव बमनपुरी के रहने वाले राजपाल ने सूचना दी थी कि उसकी मां की कमर में दर्द था। 11 मार्च को वह मां का तंत्रमंत्र से इलाज करवाने के लिए गांव के ही लाखन व रिंकू से मिला था। इसके बाद लाखन, रिंकू, अजय सिंह व दुर्जन राजपाल को नरौरा ले गए। जहां वह लोग जनपद एटा में संतोष व शिवम के साथ जबरन आगरा में अज्ञात जगह पर ले गए। जहां पर उन लोगों ने अन्य लोगों के साथ उसके हाथ व पैर बांधने के बाद सफेद कपड़ा मुंह पर डाल दिया और तंत्र क्रिया कर बलि देने का प्रयास किया गया। उसकी चीख सुनकर वहां पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए तो आरोपी उसे छोड़ कर भाग गए। इस मामले में थाना धनारी पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना शुरू कर दी।विवेचना के दौरान नामजद व अन्य अभियुक्त रिंकू, अजय, संतोष, दुर्जन से जब पूछताछ की गई व उनके मोबाइल रिकॉर्ड देखे तो सामने आया कि अंतरराज्यीय ठगी गिरोह के सदस्य हैं जो कि तंत्र क्रिया के माध्यम से घर में धनवर्षा (नोटो की बारिश) का लालच देकर भोले भाले गरीब परिवार की लड़कियों व लड़कों की तस्करी कर यौन शोषण करते हैं। वन्य जीवों की तस्करी भी करते हैं। धनारी पुलिस ने गिरोह के 14 सदस्य गिरफ्तार किए हैं। इनके पास से मोबाइल, तंत्र विद्या की सामग्री, आर्टिकल कछुआ, अपराध में प्रयुक्त हथियार बरामद किए हैं। इसके बाद संभल में तंत्र क्रिया के नाम पर मानव तस्करी करने वाले गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी ने खुद को मथुरा के एक निजी विश्वविद्यालय में लाइब्रेरी और इन्फॉरमेशन साइंस का प्रोफेसर बताया है।एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार डीएन त्रिपाठी के मोबाइल से कई ऑडियो रिकॉर्डिंग प्राप्त हुई थीं। जिसमें लड़की को लाकर तांत्रिक द्वारा काम कराने की बात हो रही थी। डीएन त्रिपाठी ने पुलिस को बताया था कि यह बातचीत मथुरा निवासी डीएस सिसोदिया से हो रही थी।विवेचना के क्रम में पुलिस ने मथुरा की शास्त्रीनगर कॉलोनी निवासी दशरथ सिंह उर्फ डीएस सिसौदिया को जब पूछताछ के लिए बुलाया गया तो दशरथ सिंह के मोबाइल से भी अन्य अभियुक्तों की तरह कई लड़कियों के वीडियो, फोटो व धनवर्षा गैंग के कोड वर्ड में बातचीत की चैट इत्यादि दिखीं।दशरथ सिंह से जब इन सबके बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह भी धनवर्षा तांत्रिक क्रिया में विश्वास रखता है और वह लगभग तीन वर्ष से इस गिरोह से जुड़ा हुआ है। वह भी यौन शोषण के लिए लड़कियों को सप्लाई करने का कार्य करता था। आरोपी धनवर्षा गैंग में लड़कियों को तांत्रिक गुरू तक पहुंचाने का कार्य करता था। फॉर्म में पूछे जाते थे ये सवाल आरोपी प्रोफेसर के द्वारा पांच फीट छह इंच लंबाई वाली लड़कियों की पूरी डिटेल फॉर्म में भरवाता था। फॉर्म में कई तरह की जानकारी और भी भरवाते थे। इसमें लड़की का नाम, पता, आयु, गोत्र, मासिक धर्म की तिथि, लंबाई, वजन, कुंवारी या शादीशुदा, किसी ने आपको छुआ या नहीं, प्राइवेट पार्ट के पास कोई तिल है या नहीं, शरीर पर कोई टैटू है या नहीं, ऐसे सवाल पूछे जाते थे। इसके अलावा लड़कों के सामने भी खास किस्म की शर्त रखी जाती, जिसमें उल्टा पैदा हुआ हो जैसी जानकारी की बात सामने आई है। इसके बाद फॉर्म में डिटेल भरवाने के बाद युवतियों का वीडियो बनाया जाता था, इस वीडियो में वो इंच टेप से अपने शरीर की लंबाई मापती हैं, उसके बाद गिरोह का सदस्य यह डिटेल्स, फोटो-वीडियो अपने गुरु के मैनेजर तक पहुंचाते थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद यह तय किया जाता था कि तंत्र क्रिया कब और किस शहर में कराई जाएगी। कमरे में तंत्र क्रिया के दौरान सिर्फ लड़की और गुरु ही रहते थे। कमरे में न्यूड करके लड़की को जमीन पर लिटा दिया जाता था। इसके बाद पीड़ित को ऐसी कोई वस्तु का सेवन कराया जाता था जिससे वो बेहोश हो जाए। पुलिस को मिले एक ऑडियो में लड़की से सेक्स की बात भी हो रही है।गरीब लड़कियों को बनाते थे टारगेट पुलिस के अनुसार, ठगों के निशाने पर वो लड़कियां होती थीं, जिनकी लंबाई साढ़े पांच फीट या इससे अधिक हो। आरोपी ठग झांसा देते थे कि सिर्फ एक दिन की तंत्र क्रिया होगी, इसके बाद आप करोड़पति बन जाएंगे। गरीब परिवारों को अधिक झांसे में लेते थे। अमीर बनने के लालच में गिरोह से जुड़ा था दशरथ सिंह पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी दशरथ सिंह ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है और कम समय में अमीर बनने के लालच की वजह से धनवर्षा गिरोह से जुड़ा था। धनवर्षा के बनाए गए वीडियो को देखकर उसको लालच आ गया था।धन वर्षा नोटों की बारिश के नाम पर वाले अंतरराज्यीय गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से मोबाइल की ऑडियो और वीडियो के माध्यम से तंत्रमंत्र के कुछ साक्ष्य मिले हैं। हालांकि अभी तक कोई पीड़िता सामने नहीं आई है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।-कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी संभल



संक्षिप्त समाचार

6 बदमाशों ने मशहूर निर्यातक के घर को बनाया निशाना, बंधक बनाकर लूटा

मुरादाबाद- सिविल लाइन थाना जिगर कॉलोनी में शुक्रवार देर रात 6 बदमाशों ने मिलकर शहर के मशहूर निर्यातक नसीर हुसैन के घर को निशाना बनाया है। हथियारों के बल पर परिवार को बंधक बनाकर लूट की इस घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद इलाके हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस घटना के बाद से परिवार के लोग काफी डरे हुए नजर आए।

मुरादाबाद में चाइनीज मांझे के साथ 5 दुकानदार दबोचे, अब भेजे जाएंगे जेल

मुरादाबाद-अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक पुलिस का जवान, एक महिला बैंककर्मी और एक युवक शामिल था। घटना के बाद से मुरादाबाद पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है। एसएसपी सतपाल अंतिल के आदेश पर पुलिस द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चाइनीज मांझे के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।



चेकिंग के दौरान पुलिस को 5 दुकानदारों के पास से भारी मात्रा में चाइनीज मांझा मिला है। पुलिस अब इन सभी को जेल भेजने की तैयारी कर रही है। मझोला पुलिस ने किए 4 गिरफ्तारमझोला थाना क्षेत्र से 4 ऐसे दुकानदारों को गिरफ्तार किया गया है, जो चाइनीज मांझे की खरीद-फरोख्त करते थे। पुलिस ने अकरम पुत्र रईस निवासी अख़बार फैक्ट्री, इस्लाम नगर थाना कटघर; हफीज पुत्र इदरीश निवासी गुलफाम मस्जिद के पास, जयन्तीपुर; नावेद हुसैन उर्फ बब्लू पुत्र रियाजुल हसन निवासी जयन्तीपुर थाना मझोला; राजेन्द्र कुमार पुत्र सीताराम सैनी निवासी रामतलैया को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा मिला है। मुगलपुरा थाना क्षेत्र से मिला एक चाइनीज मांझा तस्कर- पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान में मुगलपुरा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पकड़ा गया व्यक्ति कासिम पुत्र नवी जान निवासी बरबलान थाना मुगलपुरा को भारी मात्रा में चाइनीज मांझे के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं, मामले पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से चाइनीज मांझे की चपेट में आने से घायल होने की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी को देखते हुए थाना क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

मंडी समिति परिसर में मिली युवक की लाश, फैली सनसनी

मुरादाबाद-मझोला थाना क्षेत्र की मंडी समिति परिसर में एक युवक की लहू लुहान लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो पता चला कि युवक पास में ही मझोली का रहने वाला था। लेकिन उसकी मौत कैसे हुई, इस बारे में पुलिस अभी मामले की छानबीन कर रही है।थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक रामप्रसाद ने बताया कि मृतक की शिनाख्त पुष्पेंद्र निवासी मझोली चौराहा गली नंबर एक के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की मौत कैसे हुई, इसकी जानकारी प्राप्त की जा रही है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

सट्टे के अड्डे पर पुलिस ने मारा छापा नौ आरोपी को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। शहर के बीच गंगापुर इलाका नशे और गलत धंधों की मंडी बना हुआ है। यहां का सट्टा माफिया तन्नू कई बार गिरफ्तार किया जा चुका है। हर बार जमानत पर छूटकर वह फिर से सट्टे का धंधा शुरू कर देता है। गोपनीय हेल्पलाइन पर सूचना के बाद एसएसपी के निर्देश पर बारादरी थाना पुलिस ने गंगापुर के एक बंद मकान में छापा मारा तो यहां नौ लोगों को सट्टा लगवाते गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से 91330 रुपये, 21 पेन, 113 सट्टा पर्ची, तीन कैल्कुलेटर समेत काफी सामान बरामद हुआ। अजय वाल्मीकि हत्याकांड का मास्टरमाइंड माफिया जगमोहन उर्फ तन्नू इस मकान में सट्टा लगवा रहा था। वह दूर से इस मकान में सीसीटीवी कैमरे लगवाकर निगरानी कर रहा था। दबिश के दौरान वह फरार हो गया। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस तन्नू का रिकॉर्ड खंगाल रही है, उसे जिलास्तरीय सट्टा माफिया घोषित करने की तैयारी की जा रही है। बता दें कि बीते दिनों सट्टेबाजों की तलाश में पुलिस ने इसी इलाके में छापा मारा था, तब नकली सॉस बनाने की फैक्टरी का भंडाभोड़ हुआ था।

चाइनीज मुझे को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पे किया जोरदार प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच-सिकंदर राजा

मुरादाबाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर चाइनीस माझें के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया है बताया जा रहा है मुरादाबाद में चायनीज मांझा जानलेवा साबित हो रहा है भले ही चायनीज मांझा इस्तेमाल करने वालों की पतंग न कटे और पतंगबाज खुशी मनाएं लेकिन सच्चाई यह है कि पतंगबाज की यही खुशी घर उजाड़ रही है क्योंकि चायनीज मांझा की चपेट में आने से परिवार बर्बाद हो रहे हैं। इसी लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और कहा कि चायनीज माझें पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए प्रदर्शन के दौरान सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा कि मुरादाबाद महानगर में दिन प्रतिदिन चाइनीज माझे से राह चलते व्यक्तियों के गले कटने से मृत्यु हो रही है, जिसको सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए ऐसे उत्पादों पर रोक लगाएं जो हमारे स्थानीय नागरिकों की जान के लिए हानिकारक है मौके पर मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष दानिश कुरैशी, गोरब कुमार, प्रदीप कुमार ,चमन सिंह, मोहम्मद दानिश खान, महेंद्र, अशोक, आलोक कुमार, दीपमाला शर्मा ,आशु चौधरी दानिश कुरेशी अमित चौधरी, राजकुमार, पूनम गुप्ता प्रशांत सिंह ,केशव शर्मा, हर्ष, आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे

निदा खान बोलीं- जिनके घर वक्फ की जमीनों पर बने, वही कर रहे विरोध

मौलाना तौकीर पर भी साधा निशाना

क्यूँ न लिखूँ सच- सत्यम शर्मा

बरेली।निदा खान बोलीं- जिनके घर वक्फ की जमीनों पर बने, वही कर रहे विरोध आला हजरत हेल्पिंग सोसाइटी की अध्यक्ष निदा खान ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों की बेहतरी के लिए है। इससे डरने की जरूरत नहीं है। इसका वही लोग विरोध कर रहे हैं, जिनके आलीशान घर वक्फ की तौकीर रजा खान पर भी रहीं निदा खान ने शनिवार हम वक्फ बोर्ड के बारे में विधेयक के बारे में जानना की भलाई के लिए हैं। कुछ जाएंगी। पुश्तैती जगह चली संपत्तियों पर भूमाफिया का कब्जा निदा खान ने कहा कि वक्फ संपत्तियों पर भूमाफिया द्वारा कब्जा किया जा रहा है। अवैध निर्माण किया जा रहा है। वह कब्रिस्तानों की जमीन तक बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने कब्जा कर वक्फ की जमीनों पर घर बना लिए। ये जमीनें औरतों, मजलूम व गरीब मुसलमानों के फायदे के लिए दी गई थीं, लेकिन कुछ लोगों ने कब्जा कर मैरिज लॉन खोल लिए हैं। इसमें बड़े-बड़े लोग शामिल हैं। निदा ने मौलाना तौकीर रजा खान का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने नौमहला मस्जिद की दुकानों का सौदा कर दिया था। ऐसे लोग विरोध कर रहे हैं।

जमीनों पर बने हैं। निदा खान ने मौलाना निशाना साधा। आला हजरत की बहू को एक वीडियो जारी कर कहा कि जानते हैं, लेकिन वक्फ संशोधन बहुत जरूरी है। यह बिल मुसलमानों लोगों का कहना है कि मस्जिदें चली जाएगी। ऐसा कुछ नहीं है। वक्फ

ई- के वाईसी नहीं कराई तो राशन कार्ड से कट सकता है नाम

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। बरेली। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत आच्छादित राशन कार्ड धारकों को 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी जिले के साथ लाख लोगों ने 30 अप्रैल के बाद उनके नाम सकते हैं। पूर्ति विभाग सत्यापन करवाकर ऐसे लोगों है। राशन कार्ड का उपयोग सीमित नहीं। यह आपका कई सरकारी योजनाओं का

कराना है। अब तक बरेली ई-केवाईसी नहीं कराई है। राशन कार्ड से हटाए जा कोटेदारों के जरिये की सूची तैयार कर रहा सिर्फ राशन लेने तक पहचानपत्र होता है। इससे लाभ मिलता है। कई राज्यों में फर्जी तरह से बीपीएल कार्ड बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के मामले आए तो बरेली में भी दो वर्ष पूर्व सत्यापन की मुहिम चलाई गई थी। करीब दो हजार लोगों के राशन कार्ड काटे गए थे। कई जिलों से ऐसे मामले सामने आने पर केंद्र सरकार ने ई-केवाईसी की कवायद शुरू की।

आप नेता अमानतुल्लाह खान पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, वक्फ संशोधन बिल को दी चुनौती

दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया है। उन्होंने कोर्ट में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को चुनौती दी है।आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अमानतुल्लाह खान ने वक्फ (संशोधन) विधेयक मुसलमानों की धार्मिक और सांस्कृतिक स्वायत्तता बनाता है। वहीं धार्मिक और धर्मार्थ कार्यों का प्रबंधन करने खिलाफ शीर्ष कोर्ट पहुंचे कांग्रेस-ओवैसी वक्फ संशोधन एआईएमआईएम ने इसकी वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती ओवैसी ने अपनी-अपनी याचिकाओं में कहा है कि वक्फ ने आरोप लगाया है कि विधेयक वक्फ संपत्तियों और उनके धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होती है। याचिका में कहा गया है इसमें ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो अन्य धार्मिक बंदोबस्त बिहार के किशनगंज से लोकसभा सांसद ने कहा कि यह करने पर प्रतिबंध लगाता है। इस तरह की सीमा इस्लामी

और उसका पालन करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। याचिका में दावा किया गया है कि प्रतिबंध उन लोगों के खिलाफ भेदभाव करता है, जिन्होंने हाल ही में इस्लाम धर्म अपनाया है और धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए संपत्ति दान करना चाहते हैं। याचिका में कहा गया है कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों की प्रकृति निर्धारित करने की शक्ति जैसे प्रमुख प्रशासनिक कार्यों को वक्फ बोर्ड से जिला कलेक्टर को सौंपता है। यह हस्तांतरण वक्फ प्रबंधन की स्वायत्तता को कमजोर करता है और अनुच्छेद 26 (डी) का उल्लंघन करता है। वहीं, एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी याचिका में इस विधायक को संविधान के खिलाफ और अवैध बताया है। उन्होंने कहा कि इसके प्रावधान संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों का सरासर उल्लंघन है और इसे निरस्त किया जाना चाहिए। वक्फ संशोधन विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है। राज्यसभा में 128 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में और 95 ने विरोध में वोट दिया। वहीं, लोकसभा में 288 सदस्यों ने इसका समर्थन किया, जबकि 232 इसके खिलाफ थे। विधेयक के खिलाफ कई राज्यों में प्रदर्शन- वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ शुक्रवार को कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन हुआ। जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और असम सहित कई राज्यों में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। कोलकाता और अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने वक्फ विधेयक को वापस लेने के लिए नारेबाजी की। पुलिस ने अहमदाबाद में विरोध प्रदर्शन करने पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की गुजरात इकाई के अध्यक्ष और उनके करीब 50 सदस्यों को हिरासत में लिया।

जस्टिस यशवंत वर्मा ने ली न्यायाधीश पद की शपथ, मुख्य न्यायाधीश ने दिलाई शपथ, HCBA ने जताई आपत्ति

